फरीदाबाद में बने आधुनिक बस अड्डे का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

28 अक्टूबर, 2022 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खटेर ने फरीदाबाद स्थित एनआइटी में पीपीपी मॉडल के तहत 130 करोड़ रुपए की लागत से चार एकड़ में बने बस अड्डे का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- फरीदाबाद एनआइटी आधुनिक बस अड्डे का नाम हरियाणा के उपमुख्यमंत्री स्व. मंगल सेन के नाम पर होगा।
- इस बस अड्डे के अंदर सुविधाओं में यात्रियों के बैठने के लिये वातानुकूलित गैलरी बनाई गई है तथा इसमें यात्रियों की सुविधा के लिये शौचालय, पीने के लिये आरओ का ठंडा पानी, सामान रखने के लिये क्लाक रूम और जलपान की व्यवस्था होगी।
- परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बताया कि इस बस अड्डे से हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों के लिये करीब 50 बसों का संचालन होगा तथा यहाँ 17 बस काउंटर होंगे, जहाँ से दिल्ली, चंडीगढ़, जयपुर, हरिद्वार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब प्रदेशों को जाने वाले यात्रियों को बसों की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त 60 से अधिक सिटी बसों का संचालन भी यहीं से होगा। इस बस अड्डे पर पाँच मंजिला इमारत बनाई गई है।
- इस बस अड्डे के भूतल और प्रथम तल के आधे-आधे हिस्से में डिपो की व्यवस्था होगी। इसमें दो बेसमेंट बनाए गए हैं तथा दोनों बेसमेंट का उपयोग पार्किंग के लिये होगा, जहाँ 1000 गाड़ियों को खड़ी करने की व्यवस्था की गई है।
- एनआइटी बस अड्डा बसों के अलावा व्यावसायिक हब भी होगा। यहाँ अधिकारी, ड्राइवर व कंडक्टरों के लिये विश्राम कक्ष, प्रतीक्षालय कक्ष, कैंटीन, शौचालय आदि की भी व्यवस्था की गई है। इसके हर तल पर जाने के लिये सीढ़ियों के साथ-साथ लिफ्ट लग चुकी है।
- फरीदाबाद ज़िला उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि पूरा बस अडन्न सीसीटीवी की निगरानी में होगा और यह बस अडन्न शहर के लोगों के लिये बड़ी सौगात साबित होगा।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने घोषणा की कि राज्य के सभी बस अड्डे अब बस पोर्ट के रूप में जाने जाएंगे तथा इन बस पोर्ट पर एयरपोर्ट की तर्ज पर यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएँ मिलेंगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/modern-bus-stand-inaugurated-in-faridabad